भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

18.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4268 का उत्तर

वेनाड एक्सप्रेस का वैकम रोड रेलवे स्टेशन पर ठहराव

4268. श्री के. सुधाकरन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को वैकम रोड रेलवे स्टेशन (वीएआरडी) पर वेनाड एक्सप्रेस (16301/02) के ठहराव को मंजूरी दिए जाने के संबंध में वैकम रोड यूजर्स फोरम से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कार्यशील आरक्षण काउंटर न होने के बावजूद स्टेशन के राजस्व का बासठ प्रतिशत आरक्षित टिकटों की बिक्री से प्राप्त होता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस स्टेशन के रणनीतिक महत्व का मूल्यांकन किया है जो वैकम महादेव मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थ केन्द्रों और आईआईआईटी कोट्टायम जैसे शैक्षिक केन्द्रों को सेवा प्रदान करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस क्षेत्र में छात्रों, कर्मचारियों और तीर्थयात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वेनाड एक्सप्रेस के लिए एक मिनट के ठहराव की स्वीकृति प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए वैकम रोड स्टेशन पर दिनांक 01.11.2025 से 16649/16650 मंगलूरु सेंट्रल - कन्याकुमारी एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान किया गया है। तदनुसार, वर्तमान में वैकम रोड स्टेशन निम्नलिखित 19 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित है:

क्र. सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	12625 तिरुवनंतपुरम सेंट्रल - नई दिल्ली एक्सप्रेस
2	12626 नई दिल्ली - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल एक्सप्रेस
3	16325 नीलंबूर रोड - कोट्टयम एक्सप्रेस
4	16326 कोट्टयम - नीलंबूर रोड एक्सप्रेस
5	16327 मदुरै - गुरुवायूर एक्सप्रेस
6	16328 गुरुवायूर - मदुरै एक्सप्रेस
7	16649 मंगलूरु सेंट्रल - कन्याकुमारी एक्सप्रेस
8	16650 कन्याकुमारी - मंगलूरु सेंट्रल एक्सप्रेस
9	16791 तूत्तुक्कुडि - पालक्काड एक्सप्रेस
10	16792 पालक्काड - तूत्तुक्कुडि एक्सप्रेस
11	56005 एरणाकुलम - कोट्टयम पैसेंजर
12	56006 कोट्टयम - एरणाकुलम पैसेंजर
13	66303 कोल्लम - एरणाकुलम मेमू
14	66304 एरणाकुलम - कोल्लम मेमू
15	66307 एरणाकुलम - कोल्लम मेमू
16	66308 कोल्लम - एरणाकुलम मेमू
17	66310 कोल्लम - एरणाकुलम मेमू
18	66321 एरणाकुलम - कोल्लम मेमू
19	66322 कोल्लम - एरणाकुलम मेमू

इसके अलावा, रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर संसद सदस्यों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ रेलगाड़ियों को ठहराव देने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के

प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। चूंकि ऐसे प्रस्तावों/अनुरोधों/सुझावों का प्राप्त होना सतत् और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए, ऐसे अनुरोधों का केन्द्रीकृत सार-संग्रह नहीं रखा जाता है। बहरहाल, इनकी जांच की जाती है और समय-समय पर यथोचित और यथाव्यवहार्य कार्रवाई की जाती है, जो सतत प्रक्रिया है।

इसके अलावा, गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान, खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफ़ॉर्म लंबाई आदि जैसी अनुरूपी अवसंरचना की उपलब्धता आदि सहित यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता पर निर्भर करती है जो एक सतत प्रक्रिया है।

<u>आरक्षण काउंटर:</u>

वैकम रोड (वीएआरडी) दक्षिण रेलवे के तिरुवनंतपुरम मंडल में एक स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) द्वारा परिचालित एनएसजी-6 स्टेशन है। निकटतम यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) केंद्र वैकम रोड से 6 कि.मी. की दूरी पर स्थित पीरवम रोड (पीवीआरडी) स्टेशन पर है।

वर्तमान में 87% से अधिक आरक्षित टिकट ऑनलाइन जारी किए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों को कहीं भी, कभी भी रेलवे आरक्षण टिकट प्राप्त करने का विकल्प उपलब्ध होता है। इसके अलावा, रेलवे ने दिनांक 01.07.2025 को रेलवन ऐप शुरू किया है। यह ऐप यात्रियों को मोबाइल फोन के माध्यम से आरक्षित और अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा मुहैया कराता है। इस प्रकार, इस ऐप ने यात्री आरक्षण प्रणाली की सुविधा सीधे यात्रियों के हथेलियों तक पहुंचा दिया है।

*****